# गोरखपुर में होगा 3725 करोड़ रुपये का निवेश

लखनऊ। गोरखपुर में चालू वित्त वर्ष में 3725 करोड़ की निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतरने की कतार में हैं। अडानी ग्रुप समेत सात औद्योगिक घरानों ने गीडा को प्रस्ताव देकर जमीन की मांग की है। इन परियोजनाओं के जमीन पर उतरने से करीब दस हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

अडानी ग्रुप ने सीमेंट फैक्टरी लगाने, लोटस सिंगापुर ग्रुप ने बॉटलिंग प्लांट लगाने, शाही एक्सपोर्ट ने रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर के लिए, दिल्ली पब्लिक स्कूल व आईआईएमटी यूनिवर्सिटी ने शिक्षण संस्थान, अपोलो ट्यूब्स ने स्टील पाइप फैक्टरी और स्टैम्ज टेक ने कोल्ड रोल फार्मिंग सेक्शन, वैगन निर्माण व रखरखाव के लिए जमीन मांगी है। इन निवेशकों ने कुल 128 एकड़ जमीन गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा ) से की है। इनमें सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव अडानी ग्रुप का है। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक ने बताया कि निवेशकों को उनकी पसंद के मुताबिक जमीन दिखा दी गई है। जल्द ही आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। ब्यूरो